भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 77 | बिजौलिया - सोमवार ,02 नवम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कभी नहीं जीत सकतीः प्रह्लाद जोशी

जयपुर में केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस पर तीखा हमला, बोले- जनता ने बार-बार नकारा, अब संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर भ्रम फैलाने की कोशिश

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजस्थान की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों के जवाब में भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान शुरू किया है। इसी अभियान के तहत शनिवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस कभी चुनाव नहीं जीत सकती। जोशी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावों में हार के बाद संवैधानिक संस्थाओं, न्यायपालिका और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने लगती है।



चुनावी हार का ठीकरा संस्थाओं पर फोड़ने का आरोप

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब-जब जनता कांग्रेस को चुनाव में नकारती है, तब पार्टी संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा करने लगती है। उनके अनुसार, कांग्रेस देश में भ्रम, डर और अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी एक ऐसे 'फेल प्रोजेक्ट' को बार-बार नए आवरण में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रही है, जिसे जनता पहले ही नकार चुकी है। जोशी ने प्रशांत भूषण और राहुल गांधी के करीबी लोगों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन और व्यवस्था परिवर्तन की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बदलने का एकमात्र संवैधानिक रास्ता चुनाव है। भारत में सत्ता का परिवर्तन मतदाताओं के फैसले से होता है और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान सभी को करना चाहिए।

दिवाली पर प्रदर्शन से व्यापारियों को नुकसान का दावा

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों के समय पर सवाल उठाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को दिवाली के आसपास ही प्रदर्शन करने का समय मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे प्रदर्शनों से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और व्यापारियों को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जोशी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रही है और देश में 2.40 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। ऐसे समय में व्यापारिक गतिविधियों को बाधित करना उचित नहीं है। हालांकि, उन्होंने व्यापारियों को हुए नुकसान के आंकड़े के समर्थन में वार्ता के दौरान विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के बजाय राजनीतिक विरोध के नाम पर व्यवधान पैदा करना ठीक नहीं है।

न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं पर दोहरे रवैये का आरोप

न्यायपालिका के प्रति कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठाते हुए जोशी ने कहा कि जब अदालत का फैसला कांग्रेस के पक्ष में आता है तो पार्टी उसे सही बताती है, लेकिन फैसला विपरीत आने पर न्यायपालिका पर सवाल उठाने लगती है। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस को देश की न्यायिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं है?

चुनाव आयोग के खिलाफ महाभियोग लाने की विपक्षी चर्चा पर भी उन्होंने सवाल उठाए। जोशी ने कहा कि चुनाव में हार का जवाब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर नहीं दिया जा सकता। चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने के बजाय यदि किसी के पास अनियमितताओं के प्रमाण हैं तो उन्हें उचित संवैधानिक और कानूनी मंच पर प्रस्तुत करना चाहिए।

राहुल गांधी के विदेश दौरों पर भी उठाए सवाल

केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के राजनीतिक कार्यक्रमों और विदेश यात्राओं को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान किन लोगों से मिलते हैं और क्या बातचीत करते हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र और मतदाता सूची को लेकर अभियान चलाते हैं, लेकिन इसी दौरान विदेश यात्रा पर चले जाते हैं।

खेत से पानी पिलाई कर घर लौटा किसान, कमरे में फंदे पर लटका मिला शव

सलावटिया गांव की घटना, 40 वर्षीय कैलाश धाकड़ की मौत, आत्महत्या के कारणों का नहीं हुआ खुलासा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



क्षेत्र के सलावटिया ग्राम में रविवार को एक किसान द्वारा अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन उसे तत्काल बिजौलिया उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार सलावटिया निवासी कैलाश धाकड़ (40) पुत्र भवानीलाल धाकड़ खेत पर पानी की पिलाई करने गया था। वहां से घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद कमरे में घर पर पड़ी लुगड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और वे उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि कैलाश खेती के साथ लोडर चलाने का काम भी करता था। वह अविवाहित था तथा उसके दो भाई हैं। हाल ही में संपन्न हुए ग्राम पंचायत चुनाव में उसने वार्ड पंच पद के लिए भी चुनाव लड़ा था। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

खेत पर पानी की मोटर चालू करते समय किसान की करंट की चपेट में आया, मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



क्षेत्र के लक्ष्मी खेड़ा गांव में रविवार सुबह खेत पर पानी की मोटर चालू करते समय करंट लगने से 29 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव और परिवार में शोक की लहर छा गई।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी खेड़ा निवासी ओमप्रकाश धाकड़ पुत्र शोभालाल धाकड़ रविवार सुबह करीब 7 बजे खेत पर सिंचाई के लिए पानी की मोटर चालू करने गया था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन तत्काल उसे बिजोलिया स्थित उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना पर पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

किसानों पर अत्याचार हुआ तो सरकारी दफ्तरों में आग लगा देंगेः नरेश मीणा

भीलवाड़ा फोकस @ बारां।

पंचायत राज चुनाव में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे बसपा नेता नरेश मीणा ने वन विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों को नाजायज परेशान किया गया तो सरकारी दफ्तरों में आग लगा दी जाएगी। सभा के दौरान किसानों ने वन विभाग पर परेशान करने और उनके सामान जब्त करने के आरोप लगाए। इसके बाद नरेश मीणा सैकड़ों किसानों और समर्थकों के साथ नाहरगढ़ स्थित वन विभाग के रेंज कार्यालय पहुंच गए, जहां जमकर हंगामा हुआ।



बताया गया कि एक किसान ने सभा में शिकायत की थी कि वन विभाग ने उसकी पानी की मोटर और पाइप जब्त कर लिए हैं। इसके बाद नरेश मीणा समर्थकों के साथ कार्यालय पहुंचे। वहां वन विभाग के कर्मचारियों और समर्थकों के बीच विवाद हो गया। कर्मचारियों का कहना था कि वे अधिकारियों के आदेशों के अनुसार कार्रवाई करते हैं और अपनी मर्जी से कोई कदम नहीं उठाते।

वनकर्मियों ने मारपीट का लगाया आरोप

डीएफओ विवेकानंद माणिकराव के अनुसार, दो दिन पहले वन विभाग की टीम गश्त पर गई थी। इस दौरान कुछ ग्रामीण वन विभाग की जमीन पर खेती करते मिले थे। विभाग ने कार्रवाई करते हुए पानी की मोटर, पाइप सहित अन्य सामान जब्त किया था। डीएफओ ने आरोप लगाया कि रविवार को नरेश मीणा समर्थकों के साथ रेंज कार्यालय पहुंचे और वनकर्मी प्रदीप सिंह सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की। साथ ही जब्त सामान भी ले गए। वनकर्मियों की शिकायत पर नाहरगढ़ थाना पुलिस ने नरेश मीणा और अन्य लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट करने और जब्त सामान जबरन ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

एक महीने में तीसरा मामला दर्ज

नरेश मीणा के खिलाफ पिछले एक महीने में यह तीसरा मामला दर्ज हुआ है। इससे पहले छबड़ा में खाद की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर किसानों के साथ धरना देने के मामले में उनके खिलाफ आठ धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं, जयपुर कूच के दौरान शिवदासपुरा टोल पर जाम लगाने के मामले में भी केस दर्ज किया गया था। नरेश मीणा बसपा के बैनर तले पंचायत राज चुनाव में सक्रिय हैं। पार्टी ने बारां जिला परिषद की सभी 29 सीटों और 10 पंचायत समितियों में प्रत्याशी उतारे हैं।

पुलिया पर गलत दिशा से आई ट्रॉली बनी हादसे की वजह, बोलेरो के उड़े परखच्चे

लाखोला चौराहे पर आमने-सामने की भिड़ंत में मां-बेटा गंभीर घायल, भीलवाड़ा रेफर

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



लाखोला चौराहा पुलिया पर रविवार को यातायात नियमों की अनदेखी एक बड़े हादसे का कारण बन गई। गलत दिशा से आ रही ट्रॉली और बोलेरो के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में बोलेरो सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल शारदा पत्नी गणपतलाल सालवी एवं उनके पुत्र ललित सालवी, निवासी आसूना (तहसील रायपुर), को उपचार के लिए भीलवाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रॉली गलत दिशा से आ रही थी, इसी दौरान बोलेरो से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के कारण पुलिया पर कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर जांच शुरू की।

आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली, कोटा रोड सहित कई क्षेत्रों में होगा असर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से विद्युत लाइनों के रखरखाव एवं आवश्यक कार्य के चलते 2 नवंबर को शहर के कई क्षेत्रों में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने बताया कि 11 केवी कोटा रोड फीडर से जुड़े आदर्श नगर, तिलक नगर, यश विहार, ईदगाह, गुल नगरी, कंचन विहार, सांगानेर कॉलोनी, बाहेती होटल, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, मारुति नगर, जांगिड़ छात्रावास, केंद्रीय विद्यालय, ईडन स्कूल, अहिंसा सर्किल सहित कोटा रोड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

इसी प्रकार 11 केवी पुराना भीलवाड़ा फीडर से जुड़े कंचन विहार, जैन ज्योति कॉलोनी, गुलनगरी, अंसारी गली, सांगानेरी गेट, बोहरी कॉलोनी, गोपाल द्वारा मंदिर, शिव नगर, भादादा बाग, कृष्ण मोहल्ला एवं शहीद चौक के आसपास के क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

वहीं 11 केवी हरनी फीडर से जुड़े छोटी हरनी, तेरापंथ नगर और आदित्य विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में भी सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से आवश्यकतानुसार पहले ही पानी एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने की अपील की है।

खेत पर मोटर चालू करते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



अमित जैन। खेत पर सिंचाई के लिए मोटर चालू करना एक 22 वर्षीय युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। रविवार को बिजली का करंट लगने से युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

थाना प्रभारी जय सुल्तान के अनुसार हरिजन बस्ती निवासी माही पुत्र महावीर हरिजन (22) खेत पर पानी की मोटर चालू करने गया था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में शोक छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

आईएपी की केंद्रीय कार्यकारिणी में निर्वाचित होने पर डॉ.अतुल हेड़ा का सीएमएचओं कार्यालय में सम्मान



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, वर्ष 2027 के लिए राजस्थान से सर्वाधिक मत प्राप्त कर निर्वाचित होने पर डॉ. अतुल हेड़ा का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओं) कार्यालय, भीलवाड़ा में सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा एवं सीएमएचओं कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. अतुल हेड़ा का पगड़ी, दुपट्टा और माला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया तथा उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

सम्मान समारोह के दौरान डॉ. संजीव शर्मा एवं डॉ. अतुल हेड़ा के बीच जिले में बाल स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार, नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल, टीकाकरण, जन्मजात बीमारियों की समय पर पहचान, बाल हृदय रोगों की स्क्रीनिंग तथा बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. अतुल हेड़ा ने कहा कि इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) एवं जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई उपयोगी पहल की जा सकती हैं। उन्होंने जिले में शिशु एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

जनवरी में भीलवाड़ा बनेगा स्वदेशी कारोबार का केंद्र, मेले की विवरणिका जारी

1 से 10 जनवरी तक मेडिसिटी ग्राउंड में होगा आयोजन, देशभर से जुटेंगी 700 से अधिक स्टॉल; सांसद ने टेक्नोलॉजी और डिफेंस क्षेत्र को शामिल करने का दिया सुझाव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



स्वदेशी उत्पादों, लघु उद्योगों और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए भीलवाड़ा में 1 से 10 जनवरी 2027 तक अखिल भारतीय स्वदेशी मेले का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों के तहत रविवार को आजाद नगर स्थित होटल पीएफसी में आयोजन समिति की ओर से मेले की विवरणिका का विमोचन किया गया। समारोह में संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि देश तेजी से तकनीकी विकास कर रहा है, ऐसे में स्वदेशी आंदोलन को भी आधुनिक जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने मेले में टेक्नोलॉजी और डिफेंस क्षेत्र की स्टॉल लगाने का सुझाव दिया, ताकि युवा नई तकनीकों से परिचित होकर नवाचार के लिए प्रेरित हों। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी के स्वदेशी चिंतन को आज भी प्रासंगिक बताया।

निम्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री ने समाज के सभी वर्गों से मेले की सफलता में सहयोग करने का आह्वान किया। संत लक्ष्मण दास महाराज के प्रतिनिधि परमेश्वर महाराज ने आयोजन के लिए आशीर्वाद दिया। मेला संयोजक डॉ. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मेडिसिटी ग्राउंड, आजाद नगर में आयोजित होने वाले मेले में देशभर से 700 से अधिक स्टॉल लगाई जाएंगी। सचिव सुनील सोमानी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि, जबकि दत्तात्रेय वसंतराव होसबाले मुख्य वक्ता होंगे। अध्यक्षता त्रिलोकचंद छाबड़ा करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल मौजूद रहेंगे।

दस दिवसीय मेले में प्रतिदिन संगोष्ठियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें स्वदेशी उत्पादों, कुटीर उद्योगों, तकनीकी नवाचार और भारतीय परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है। कार्यक्रम में श्री कृष्ण गोपाल कृष्ण की उपस्थिति रही। संचालन मेला समन्वयक डॉ. देवीलाल साहू ने किया। इस दौरान डॉ. रोशन लाल पिपलिया, महेश नवल, डॉ. भगवती लाल, राजन गहलोत, श्यामसुंदर डोलिया, दुर्गालाल सोनी, रेखा सिंगलिया, अंजना जगतिया, ललिता मीणा, प्रीति भावना, बनवारी लाल सोनी, रोशन लाल तोतला, डॉ. नागर, गणेश प्रजापत और सत्यनारायण वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुष्पा ने बनकाखेड़ा व कमलेश ने सोपुरा जाटों का तो टीना ने बलिया खेड़ा सरपंच का पदभार ग्रहण किया



पुष्पा जाट सरपंच बनकाखेड़ा



टीना रायका बलिया खेड़ा सरपंच



कमलेश जाट सरपंच सोपुरा जाटों का

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- पंचायती राज चुनाव में गांवों की सरकार चुनी गई, इसके बाद अब नवनिर्वाचित सरपंच पदभार ग्रहण करने में लगे हुए हैं । रविवार को बनकाखेड़ा व नवगठित सोपुरा जाटों का और बलिया खेड़ा ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंचों ने अपना पदभार ग्रहण किया । दोनों ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दोपहर को अभिजीत मुहूर्त में पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया । नवगठित ग्राम पंचायत बलिया खेड़ा में भाजपा नेता सीताराम राइका की बहन नवनिर्वाचित सरपंच टीना रायका ने प्रातः 11:15 बजे ग्रहण किया, इससे पूर्व नवनिर्वाचित सरपंच टीना रायका गाजियाबाद के साथ अपने घर से निकली इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए पंचायत मुख्यालय पर पहुंचे, जहां हवन पूजन के बाद फीता काटकर पंचायत में प्रवेश करने से पहले नवनिर्वाचित सरपंच टीना ने पंचायत भवन की दहलीज पर माथा देखकर पंचायत में प्रवेश किया । जहां उन्होंने कोटड़ी चारभुजा और तेजाजी महाराज की तस्वीर को कुर्सी पर पहले स्थापित कर पदभार ग्रहण किया । बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पा शंकरलाल जाट ने दोपहर 12:15 बजे कोटड़ी चारभुजा नाथ की तस्वीर की पूजा अर्चना कर सर्वप्रथम कोटड़ी श्याम की तस्वीर को कुर्सी पर विराजमान किया, इसे पूर्व ग्रामीणों ने विजय जुलूस के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पा जाट को पंचायत भवन लेकर पहुंचे, इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व माला पहनाकर स्वागत किया । वही नवगठित ग्राम पंचायत सोपुरा जाटों का गांव में भी नवनिर्वाचित सरपंच कमलेश देवराज जाट ने भारत माता की तस्वीर की पूजा अर्चना कर तस्वीर को कुर्सी पर विराजमान किया, यहां ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच कमलेश जाट का जगह-जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा की । इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के नवनिर्वाचित सरपंच व पूर्व सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।।



'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

QUICK BITES

कार्यभार संभालने से पहले ही विकास कार्यों में जुटीं नवनिर्वाचित सरपंच ,दीपावली से पहले नीम का खेड़ा को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



ग्राम पंचायत नीम का खेड़ा की नवनिर्वाचित सरपंच सीता देवी भील ने पदभार ग्रहण करने से पहले ही गांव के विकास और स्वच्छता को लेकर पहल शुरू कर दी है। दीपावली के पर्व को देखते हुए उन्होंने पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई सहित आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए काम शुरू करवाए हैं।

सरपंच सीता देवी भील का उद्देश्य दीपावली से पहले ग्राम पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इसके लिए वे स्वयं विकास कार्यों की निगरानी कर रही हैं और अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करवाने में जुटी हैं। 4 नवंबर को आयोजित पदभार ग्रहण कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कांस्या सरपंच मंजू देवी मेघवंशी ने संभाला पदभार, विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे मौजूद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



ग्राम पंचायत कांस्या की नवनिर्वाचित सरपंच मंजू देवी मेघवंशी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल शामिल हुए। उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनहित के कार्यों और ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की बात कही।

समारोह में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, जिला परिषद वार्ड संख्या 44 के प्रत्याशी एवं युवा नेता नरोत्तम धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि अनिल मेघवंशी, उपसरपंच अंकित हरिजन, तिलस्वां सरपंच किरण अहीर, प्रतिनिधि श्यामलाल अहीर, बिजोलिया नगरपालिका प्रतिनिधि मानव तिवाड़ी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा, पंकज विजयवर्गीय, शांतिलाल जोशी, जगदीश पुरी, रामप्रसाद सोनी, बूथ अध्यक्ष विजयपाल बंजारा, राजेश हरिजन, राहुल रैगर, राधेश्याम सुथार, मेंबर बंजारा एवं जीतू बंजारा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।



बलिदानी रामभक्तों की स्मृति में युवाओं ने बढ़ाया सेवा का हाथ, रक्तदान में दिखा उत्साह

हुतात्मा दिवस पर विहिप-बजरंग दल के शिविरों में उमड़े रक्तदाता,जिले में 160 यूनिट रक्त संग्रह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में प्राणों का बलिदान देने वाले रामभक्तों की स्मृति को सेवा कार्य के माध्यम से नमन किया गया। हुतात्मा दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से जिले में अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए रक्तदान किया। भीलवाड़ा महानगर और बदनौर प्रखंड में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 160 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में आयोजित शिविर का शुभारंभ संत बनवारीशरण जी महाराज काठियाबाबा (हनुमान टेकरी), जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण गोड़ सहित विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मंत्रोच्चार के बीच भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया, महानगर सह संयोजक हितेश नाथ, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेड़िया, उपाध्यक्ष भारत गेंगट एवं सहमंत्री सौम्या मेहता मौजूद रहे।



शिविर में महानगर के सातों प्रखंडों से पहुंचे कार्यकर्ताओं और युवाओं ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान के दौरान युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। भारत माता की जय, जयकारे वीर बजरंगी, हर-हर महादेव और देश का बल बजरंग दल जैसे नारों से शिविर स्थल गूंजता रहा। महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि हुतात्मा दिवस पर प्रतिवर्ष अखिल भारतीय योजना के तहत सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रक्तदान शिविर आयोजित कर बलिदानी रामभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने शिविर में सातों प्रखंडों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी की जानकारी दी।

विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि बदनौर प्रखंड में भी 1 नवंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 85 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस तरह जिले में दोनों शिविरों के माध्यम से कुल 160 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रामलीला में शिव-पार्वती संवाद का भावपूर्ण मंचन, नारद मोह प्रसंग ने बांधा समां

गेगा का खेड़ा में रामायण मंडल के तत्वावधान में धार्मिक आयोजन जारी, रामायण के प्रसंगों को कलाकारों ने जीवंत रूप में किया प्रस्तुत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

गेगा का खेड़ा गांव में श्री लक्ष्मीनाथ रामायण मंडल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। रामलीला के दौरान कलाकारों ने शिव-पार्वती संवाद सहित रामायण के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुतियों के दौरान पांडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे और माहौल भक्तिमय बना रहा।

मंचन की शुरुआत शिव-पार्वती संवाद से हुई, जिसमें भगवान शिव ने माता पार्वती को श्रीराम कथा की महिमा और उसके आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। इसके बाद नारदजी की तपस्या, इंद्र दरबार, कामदेव पर नारदजी की विजय, भगवान विष्णु की माया, राजा शीलनिधि की पुत्री विश्वमोहिनी का स्वयंवर तथा नारदजी द्वारा भगवान विष्णु को श्राप देने के प्रसंगों का मंचन किया गया। नारदजी के अहंकार भंग होने के प्रसंग ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।



रामलीला में आगे रावण के अत्याचारों और पृथ्वी पर बढ़ते अधर्म से व्यथित देवताओं की पुकार को भी कलाकारों ने सजीव अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। कलाकारों के सशक्त संवाद, भाव-भंगिमाओं और मंचीय प्रस्तुति ने पौराणिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया।

आयोजन की खास बात यह है कि रामलीला में स्थानीय कलाकार पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उनके अभिनय से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। रामलीला का आनंद लेने के लिए गेगा का खेड़ा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

यूनेस्को एसोसिएशन की दीपावली सजावट प्रतियोगिता-2026 का होगा आयोजन

7 से 9 नवंबर तक बाजारों का निरीक्षण करेगी निर्णायक कमेटी, सामूहिक, सर्कल और व्यक्तिगत सजावट में चुने जाएंगे विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

दीपावली के पर्व पर शहर की बाजार सजावट को प्रोत्साहित करने और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं जवाहर फाउंडेशन की ओर से इस वर्ष भी दीपावली सजावट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता-2026 के आयोजन को लेकर रविवार को जिला यूनेस्को एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य एवं जिला अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि यूनेस्को एसोसिएशन पिछले 40 वर्षों से दीपावली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। इसका उद्देश्य दीपावली के अवसर पर बाजारों की सामूहिक सजावट को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र की पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना है।



प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जल्द ही निर्णायक कमेटी गठित की जाएगी। जिला सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा ने बताया कि निर्णायक कमेटी 7 से 9 नवंबर तक शहर के विभिन्न बाजारों का भ्रमण कर सजावट का निरीक्षण करेगी। इसके आधार पर सामूहिक सजावट, सर्कल सजावट और व्यक्तिगत सजावट श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों का चयन किया जाएगा।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, उपाध्यक्ष पुष्पा सुराणा, नंदकिशोर पारीक, दिनेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, ओम उज्जवल, गोवर्धन वैष्णव, साधना मेलाना, विद्यासागर सुराणा, डॉ. शांतिलाल छापरवाल, विनोद मेलाना सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बाल विवाह मुक्त समाज और नशामुक्त जीवन का दिया संदेश, विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने एवं युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से जिले के तीन विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हलेड़, महात्मा गांधी विद्यालय धानमंडी एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दादावाड़ी में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी गई।इस दौरान संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक राधेश्याम गुर्जर, सुपरवाइजर राजेश कुमार खोईवाल एवं रतन रैगर तथा केस वर्कर सुमन साहू ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बाल अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने, अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को जागरूक करने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही किसी भी बच्चे के साथ बाल अधिकारों का उल्लंघन होने या बाल विवाह की जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।



केरखेड़ा की नई सरपंच लाली बाई ने संभाली कमान, विधायक खंडेलवाल ने दिया विकास में सहयोग का भरोसा

पदभार ग्रहण समारोह में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही मौजूदगी, गांव के विकास को लेकर विधायक ने रखी प्राथमिकताएं

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



ग्राम पंचायत केरखेड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच लाली बाई के पदभार ग्रहण के साथ ही पंचायत की नई जिम्मेदारी की शुरुआत हुई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लेकर नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी शिरकत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और गांव के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक खंडेलवाल ने कहा कि पंचायत का नेतृत्व ग्रामीणों के विश्वास और अपेक्षाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। सरपंच का प्रयास होना चाहिए कि गांव के प्रत्येक परिवार तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचे और पेयजल, सड़क, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो। उन्होंने जनहित के कार्यों में सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, जिला परिषद वार्ड 44 प्रत्याशी नरोत्तम धाकड़, बिजौलिया पालिका प्रतिनिधि मानव तिवाड़ी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा, शांति लाल जोशी, जगदीश पुरी, सरपंच प्रतिनिधि राजू भील, दलपत सिंह, जसवंत सिंह, गोपाल बैरागी, बूथ अध्यक्ष कमलेश राठौड़, शक्ति केंद्र संयोजक पिंटू शर्मा, नरेश गुर्जर, भेरू गुर्जर एवं रामलाल गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

तीन ग्राम पंचायतों में नए सरपंचों ने संभाली कमान, पदभार ग्रहण समारोह में उमड़े जनप्रतिनिधि और ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों में नए जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल की शुरुआत हुई। ग्राम पंचायत खेरूना, टिटोड़ा जागीर और मनोहरपुरा में नवनिर्वाचित सरपंचों ने पदभार ग्रहण कर पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान आयोजित समारोहों में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरपंचों का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

खेरूना में नरेंद्र सिंह राजपूत, टिटोड़ा जागीर में किशन मेघवाल तथा मनोहरपुरा में गमराज कंवर कुलदीप सिंह ने सरपंच पद का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। सभी ने पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और आमजन की समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई।

टिटोड़ा जागीर में आयोजित समारोह में कांग्रेस नेता एवं बेड़ सरपंच बाबूलाल मीणा ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि क्षेत्र में भाजपा नेताओं की ओर से केवल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के पास अपने कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों को बताने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने डेढ़ साल के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी और कई विकास कार्य करवाए।

कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कानावत, बेड़ सरपंच बाबूलाल मीणा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी मीरा देवी मीणा एवं सामाजिक कार्यकर्ता किशन गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गेगा का खेड़ा में स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन, ग्रामीणों ने की पुष्पवर्षा

विजयादशमी उत्सव पर शस्त्र पूजन, सुरेश सेन ने संगठन और सामाजिक एकता का दिया संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

विजयादशमी उत्सव के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गेगा का खेड़ा की ओर से पथ संचलन निकाला गया। नई आबादी विद्यालय से शुरू हुए संचलन में पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए गांव के विभिन्न मार्गों से भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

पथ संचलन सामुदायिक भवन पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां आयोजित कार्यक्रम में विभाग बौद्धिक प्रमुख सुरेश सेन ने विजयादशमी पर्व, शस्त्र पूजन और संघ की परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, संगठन और अनुशासन राष्ट्र की मजबूती के आधार हैं। संगठित समाज ही सामाजिक समरसता बनाए रखने के साथ विघटनकारी शक्तियों का सामना कर सकता है।

उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक एकता और राष्ट्रभावना को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। पथ संचलन के दौरान गांव में उत्साह का माहौल रहा।

सातोला का खेड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच गुर्जर ने चारभुजानाथ के मत्था टेका

सातोला का खेड़ा से कोटड़ी चारभुजानाथ तक कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस निकाला

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सातोला का खेड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच भगवती लाल गुर्जर ने कोटड़ी श्याम के डर और मत्था टेक अपनी मन्नत पूरी की। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ डीजे की धुन पर नाचते हुए सातोला का खेड़ा से रवाना हो कर कोटड़ी श्याम तक कि पदयात्रा में जबरदस्त स्वागत हुए। सरपंच बनने के बाद अपनी मन्नत पूरी करने पैदल यात्रा की शुरुआत श्री चारभुजा नाथ मंदिर सतोला का खेड़ा से हुई जहाँ ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद हाथीभाटा चौराहा, फतेहगढ़, उदलियास, कोदिया, रीठ चौराहा, मानसिंह जी का झूंपड़ा, नेहरू नगर, कोटड़ी बस स्टैंड और सदर बाजार कोटड़ी पर गर्म जोशी से जयकारों के साथ माला, साफा पहना कर स्वागत किया गया, साथ ही मिठाई बाट कर खुशी जाहिर की। कोटड़ी पुराने बस स्टैंड पर सरपंच साहब नरपत सिंह शक्तावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, कोटड़ी कांग्रेस पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी दिनेश शर्मा, महेंद्र ट्रेलर, वार्डपंच दीपक टेलर, जावल सरपंच श्रवण गुर्जर, श्याम अहीर सहित कई गणमान्य लोगों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। श्री चारभुजा मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष व जिला परिषद प्रत्याशी राम लाल गुर्जर ने चारभुजा नाथ की तस्वीर भेंट कर सरपंच भगवती लाल गुर्जर का सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच भगवती लाल गुर्जर ने सभी ग्रामवासियों, समर्थकों और स्वागत करने वाले सभी लोगों का दिल से धन्यवाद व आभार



व्यक्त किया और कहा कि वे सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करने का आस्वासन दिया।

QUICK BITES

गोविंदम वृद्धाश्रम का मासिक निरीक्षण, वृद्धजनों से संवाद कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव श्रीमती रश्मि आर्य ने आज गोविंदम वृद्धाश्रम का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सचिव रश्मि आर्य ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से पृथक-पृथक बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना। उन्होंने संबंधित प्रबंधन को आवश्यकतानुसार समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि वृद्धजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सचिव ने वृद्धाश्रम की भोजनशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वृद्धजनों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक बनाए रखने तथा स्वच्छता के निर्धारित मानकों का नियमित पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम का स्टाफ उपस्थित रहा।

अंडर -17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग - डीडी राइडर्स व अकाय अकादमी ने मैच जीते

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा यंग क्रिकेट क्लब व भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर चल रही प्रथम अंडर 17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग के आज तीसरे दिन खेले गए प्रथम मैच में डीडी राइडर्स ने एसएलसी वॉरियर्स को 7 विकेट से वह दूसरे खेले गए मैच में अकाय अकादमी ने शांति निकेतन रॉयल्स को 8 विकेट से हराकर मैच जीता! एसएलसी वारियर्स ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाएं,धीर भाटकी ने 68 रन वह वेदार्थ शर्मा ने 44 रन बनाए, यश तिवारी ने तीन विकेट,दिव्यांश जैन,अंश दुबे, मयंक ने एक-एक विकेट लिया! जवाब में डीडी राइडर्स ने तीन विकेट के नुकसान पर रन बना लिए जिसमें दिव्यांश जैन ने नाबाद 47 रन, आदित्य ओझा ने 32 रन,देवेश व्यास 31 रन वह कमलेश राठौर ने 26 रन बनाए! यश तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया! दूसरे खेले गए मैच में शांतिनिकेतन रॉयल्स ने पहले खेलते हुए 22 ओवर में 136 रन बनाएं जिसमें दिवस जैन ने 43 एवं हर्षित सेन ने 41 रन बनाए हिमांशु सोमानी ने 5 विकेट लिए, जवाब में अकाय अकादमी ने 19 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर रन बना लिए, हिमांशु सोमानी ने नाबाद 61 रन वह हर्ष टाक ने 43 रन बनाए! अवनीश व हर्षित ने एक-एक विकेट लिया, हिमांशु सोमानी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया! मैच के अतिथि सम्पत पायक,भगत सिंह राजपूत व गिरिराज शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया!

अन्नकूट महोत्सव 10 को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मेवाड़ के प्रमुख पंचांगों व ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार अन्नकूट दिनांक 10 नवंबर 2026 मंगलवार को मनाने का निर्णय किया गया है। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि चारभुजा जी बड़ा मंदिर के ट्रस्टियों, पेंच के बालाजी मंदिर के महंत पंडित आशुतोष शर्मा व अन्य कई मंदिरों के पुजारियों एवं गाँव व्यास ने भी इस पर निर्णय लेते हुए सहमति जताई है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।